प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

'फल विविधता प्रदर्शनी' का आयोजन

आईसीएआर स्थापना दिवस के दौरान 'फल विविधता प्रदर्शनी' का आज उद्घाटन माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान, केन्द्रीय कृषि मंत्री और अन्य केन्द्रीय मंत्रियों द्वारा नई दिल्ली में किया गया। इस प्रदर्शनी में आईसीएआर–एआईसीआरपी के तहत विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा विकसित आम की विभिन्न किस्मों को तकनीकी रूप में प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी में आम के नए पहचाने गए 9 जर्मप्लाज्म भी प्रदर्शित किए गए। भ्रमण के दौरान एक आम की किस्म, जिसका नाम पीएमएसएस–1 (पंत शरद) है, देर से पकने वाली (अंतिम सप्ताह अगस्त में पकती है और सितम्बर के पहले सप्ताह में उपलब्ध होती है), माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान को दिखाई गई और उन्होंने पन्तनगर विश्वविद्यालय से विकसित इस नई आम की किस्म की विशेषताओं पर चर्चा की।

2: प्रदर्शनी का अवलोकन करते माननीय केन्द्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान।